प्रेस नोट - थाना निगोही
जनपद शाहजहाँपुर
दिनांक - 04.11.2026

थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वाँछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब/शस्त्र विक्रय तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना निगोही के कुशल नेतृत्व में थाना निगोही पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण:- दिनांक 03.11.2026 को वादी द्वारा थाना निगोही पर दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 491/26 धारा 103(1) बीएनएस बावत अभियुक्त शिवम पुत्र शिशुपाल नि0ग्रा0 त्रिलोकपुर थाना निगोही जिला शाहजहाँपुर द्वारा वादी की बहन (उम्र करीब 21 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 04.11.26 को थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त शिवम पुत्र शिशुपाल निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना निगोही जिला शाहजहाँपुर को खुदागंज रोड ग्राम डेलखेडा ग्राम से पहले कोल्हू के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शिवम उपरोक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक देशी तमंचा .315 बोर जिसकी नाल में फंसा 01 खोखा कारतूस व 03 जिन्दा कारतूस .315 बोर को बरामद किया गया तथा बरामद आला कत्ल के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई। अभियुक्त शिवम उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:–

- शिवम पुत्र शिशुपाल, उम्र करीब 22 वर्ष, नि0ग्रा0 त्रिलोकपुर थाना निगोही जिला शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरण:-

- मु0अ0सं0 491/2026 धारा 103(1) BNS व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट।

बरामदगी का विवरण:-

- 01 देशी तमंचा .315 बोर जिसकी नाल में फंसा 01 खोखा कारतूस व 03 जिन्दा कारतूस .315 बोर।

पूछताछ का विवरण:- पूछताछ के दौरान अभियुक्त शिवम पुत्र शिशुपाल निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 22 वर्ष, ने बताया कि मेरा विवाह रेशमा पुत्री रामसिंह निवासी ग्राम चौढेरी, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर, के साथ दोनों की आपसी पसंद से हुआ था। शादी के कुछ दिनों तक तो सब कुछ सही रहा लेकिन कुछ दिनों बाद ही रेशमा मेरे से बिना बताये अपने मायके जाने लगी तथा मेरे द्वारा मना करने पर भी नहीं मानीं पहले भी ऐसा कई बार हो चुका था जिसके चलते हम दोनों पति पत्नी में अनबन रहने लगी थी आज मैं अपनी पत्नी रेशमा को उसके घर चौढेरी चौढेरी से लाया था तथा पत्नी रेशमा से पुनः विवाद होने पर मैनें तमंचे से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी तथा तमंचा व कारतूस अपने घर के पास स्थित घेर में छप्पर के नीचे छिपा दिये थे।

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण:-

- प्र0नि0 राजीव कुमार, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर
- उ0नि0 श्री नरगेश कुमार
- उ0नि0 विनोद कुमार
- का0 विनीत कुमार
- का0 कपिल कुमार